कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 408/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 25.10.2026

जनपद–आजमगढ़

☐ अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन में शासन द्वारा चलाये जा रहें मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत वामा सारथी एवं सिविल डिफेंस आजमगढ़ द्वारा IMA आजमगढ़ के सहयोग से पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन।

☐ पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र एवं जिलाधिकारी ने किया शिविर का उद्घाटन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने स्वयं रक्तदान कर दिया जनसेवा का संदेश।

☐ शिविर में पुलिसकर्मियों एवं अन्य रक्तदाताओं ने किया 33 यूनिट रक्तदान, जरूरतमंदों की जीवन रक्षा के लिए स्वैच्छिक रक्तदान का दिया संदेश।

➡☐ आज दिनांक 25.10.2026 को शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन में वामा सारथी एवं सिविल डिफेंस आजमगढ़ द्वारा IMA आजमगढ़ के सहयोग से पुलिस लाइन आजमगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी आजमगढ़ श्री रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा किया गया।

☐ इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक होने तथा इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में आजमगढ़ पुलिस के महिला एवं पुरुष कर्मचारियों सहित अन्य रक्तदाताओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए कुल 33 यूनिट रक्तदान किया गया।

☐ शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस आयोजन का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना तथा समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवीय संवेदनाओं की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

➡☐ शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित यह रक्तदान शिविर पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

शिविर में पुलिसकर्मियों एवं अन्य रक्तदाताओं के नाम निम्नवत है-

1. SSP आजमगढ़ – डॉ0 अनिल कुमार
2. C – अभय गुप्ता

3. C – राम प्रताप
4. HC – अनुज पाण्डेय
5. HC – धनन्जय राय
6. C – अश्वनी कुमार भारती
7. HC – ओम प्रकाश पटेल
8. C – सूर्यांश मिश्रा
9. C – अजीत कुशवाहा
10. C – अभिषेक राय
11. म0 का0 – नीतु सिंह
12. महिला आरक्षी – रिद्दी तिवारी
13. महिला आरक्षी – अनिता गुप्ता
14. C – उदय नाथ पासवान
15. SI – राजेश कुमार सिंह
16. C – शंशाक शुक्ला
17. C – रंजीत मद्देशिया
18. C – उमेश सिंह
19. SI – प्रमोद यादव
20. C – राहुल कुमार पाण्डेय
21. C – आशीष कुमार सिंह
22. HC – प्रदीप कुमार
23. HC – विष्णु यादव
24. पूनम W/O उमेश सिंह
25. उमेश सिंह, S/O रामचन्द्र सिंह
26. साकेत शर्मा, S/O श्री सम्पत शर्मा
27. विजय शर्मा, S/O श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
28. कनन रूंगटा, S/O अंकुर रूंगटा
29. शाहिद कलीम अंसारी, S/O अब्दुल अजीज अंसारी
30. नौशाद अहमद कुरैशी, S/O मंसूर अहमद कुरैशी
31. संदीप सर्राफ, S/O स्व० मोतीलाल सर्राफ
32. जावेद अंसारी, S/O मो० शब्बीर अंसारी
33. विवेक पाण्डेय, S/O मनोज पाण्डेय

☐ रक्तदान महादान है—आपका स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है।

जनपद–आजमगढ़

□ शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 6.0 अभियान एवं अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन में 04 महिला आरक्षियों एवं 01 महिला नागरिक ने किया रक्तदान।

➡□ आज दिनांक 25.10.2026 को मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत वामा सारथी एवं सिविल डिफेंस आजमगढ़ द्वारा IMA आजमगढ़ के सहयोग से पुलिस लाइन आजमगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

➡□ शिविर में थाना कंधरापुर पर नियुक्त महिला आरक्षी नीतू सिंह, रिद्धि तिवारी, विनिता यादव एवं अनीता गुप्ता ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं, महिला मंडल जन सेवा समिति की सचिव पूनम उमेश सिंह, निवासी हीरापट्टी, थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़ ने भी रक्तदान कर जनसेवा एवं सामाजिक सहभागिता की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत की।

➡□ शिविर में कुल 33 यूनिट रक्तदान किया गया। महिलाओं की इस सहभागिता ने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक जिम्मेदारी एवं मानव सेवा का संदेश दिया।

□ रक्तदान महादान है—आपका एक कदम किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है।

□ थाना सरायमीर पुलिस द्वारा किशोरी से संबंधित प्रकरण में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 24.10.2026 को थाना सरायमीर क्षेत्रान्तर्गत एक पीड़िता द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त तालिब पुत्र मिस्टर निवासी ग्राम खासडीह (बरईपुर), थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ द्वारा उसकी 17 वर्षीय किशोरी से फोन पर बातचीत करने, बहला-फुसलाकर मिलने तथा मना करने पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने और पीछा करने की शिकायत की गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायमीर पर मु0अ0सं0 259/2026 धारा 78/351(1) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरण-
आज दिनांक 25.10.2026 को उ0नि0 धीरज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान प्राप्त सूचना पर कौरागहनी नहर पुलिया के पास से अभियुक्त मो0 तालिब पुत्र मिस्टर निवासी ग्राम खासडीह (बरईपुर), थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ को समय करीब 12:50 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-
1. तालिब पुत्र मिस्टर निवासी ग्राम खासडीह (बरईपुर), थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 259/2026, धारा 78/351(1) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
1. उ0नि0 धीरज कुमार, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।
2. का0 पुनीत कुमार राय, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़।